# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

## 21 मार्च 2026, समय 18:10

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा - कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में हरियाणा व अफ्रीका के बीच सहयोग की अपार संभावनायें मौजूद ।
- आयकर अधिनियम, 2025 पर देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंजाब के लहरागागा हलके के गांव बनारसी में जनसभा को संबोधित किया। - पंजाब और हरियाणा के विकास मॉडल की तुलना की।
- हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध व रंगदारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के "अभेदय" मोबाइल ऐप जारी की।
- मुस्लिम भाईचारे ने हरियाणा और चण्डीगढ़ में से ईद उल- फ़ित्र का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया।
- हरियाणा सरकार ने राजस्व प्रशासन में डिजिटल सुधार हेतु पटवारियों और कानूनगो के लिए 4 हज़ार, 156 स्मार्ट टैबलेट की खरीद को मंजूरी दी।

****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वैश्विक सहयोग के नए दौर में हरियाणा अफ्रीकी देशों के साथ अपने संबंधों को और अधिक मज़बूत एवं व्यापक बनाने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री आज, भारत विद्युत शिखर सम्मेलन के अंतर्गत नई दिल्ली में आयोजित भारत-अफ्रीका सामरिक साझेदारी बैठक को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में हरियाणा और अफ्रीका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई प्रबंधन, डेयरी विकास तथा कृषि-आधारित उद्योगों के क्षेत्र में साझेदारी से दोनों पक्षों को फ़ायदा होगा। हरियाणा सरकार इस दिशा में संस्थागत सहयोग, निवेश प्रोत्साहन और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

****************************************************************************

आयकर अधिनियम 2025 पर देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में  इस अभियान की शुरुआत की। यह अभियान प्रिंट, रेडियो, टेलीविजन, आउटडोर, डिजिटल और सोशल मीडिया के अंतर्गत चलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि आयकर अधिनियम 2025 से त्रुटियां, विवाद और अनुपालन लागत कम होगी।

*आयकर अधिनियम 2025 स्पष्ट रूप से 1961 के अधिनियम का स्थान लेगा, ये सरल, निष्पक्ष और स्पष्ट है। इसमें जनता के लिए कई सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है। जो निश्चित रूप से भारत को एक कर-अनुकूल देश के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी। इसके साथ कई और भी उपाय है लेकिन उन पर चर्चा बाद में होगी*

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा से सटे लहरागागा हलके के गांव बनारसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पंजाब की तुलना हरियाणा के विकास मॉडल से की। उन्होंने कहा कि पंजाब में भ्रष्टाचार की जड़ें पाताल तक जा चुकी हैं। राज्य में प्रशासनिक अधिकारियों पर सत्ता का इतना दबाव है कि एक जिला प्रबंधक को मंत्री की प्रताड़ना के चलते आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाना पड़ा। इस मामले की कड़ी जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने किसानों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां 24 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि एक साल में 37 हजार युवाओं को बिना पर्ची व खर्ची के सरकारी नौकरियां दी हैं।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब में जब जनता अपना हक मांगती है, तो आंदोलन को लाठी के बल पर दबाया जाता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज शुरू कर दिए हैं। उन्होंने सवाल किया कि पंजाब की सरकार बताए कि उनके हर जिले में मेडिकल कॉलेज कहां हैं? बुजुर्गों के सम्मान का जिक्र करते हुए श्री नायब सिंह ने कहा कि पंजाब में बुजुर्गों की पेंशन 2500 रुपये तक नहीं की गई है, जबकि हरियाणा में इसे बढ़ाकर 3200 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि पंजाब में भी 'कमल' खिलाएं ताकि यहां के लोगों को भी उन

तमाम कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके, जिनका लाभ हरियाणा की जनता उठा रही है।

*****************************************************************************

हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध, धमकी भरे फोन कॉल्स और रंगदारी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से 'अभेद्य' मोबाइल ऐप जारी की है। यह देश में अपनी तरह का पहला मोबाइल आधारित सुरक्षा प्लेटफॉर्म है, जो नागरिकों को संदिग्ध कॉल्स, धमकी भरे संदेशों, डिजिटल उत्पीड़न और धोखाधड़ी से बचाने में सक्षम होगा। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने आज पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता में 'अभेद्य' ऐप के फीचर्स और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी साझा की। इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए इच्छुक व्यक्ति को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक से संपर्क करना होगा, जिसके उपरांत उसे अधिकृत एक्सेस प्रदान किया जाएगा। यह ऐप एंड्रॉयड एवं एप्पल दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल के साथ ही हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहाँ पर इस प्रकार की अनूठी पहल की गई है।

उन्होंने कहा कि यह ऐप नागरिकों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित होगी।

उन्होंने कहा कि इस मोबाइल ऐप के माध्यम से डॉक्टरों, ठेकेदारों एवं व्यापारियों सहित आम नागरिकों को व्यापक स्तर पर सुरक्षा और राहत मिलेगी।

*****************************************************************************

हरियाणा और चंडीगढ़ में आज ईद-उल-फितर का त्यौहार बड़े हर्षो - उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दी। पलवल जिले से हमारे संवाददाता ने बताया है की मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की व देश में अमन – चैन और भाईचारे की दुआ मांगी।

*****************************************************************************

हरियाणा सरकार ने राजस्व प्रशासन में एक महत्वपूर्ण डिजिटल सुधार की शुरुआत करते हुए पटवारियों और कानूनगो के लिए 4 हज़ार,156 स्मार्ट टैबलेट की खरीद को मंजूरी दी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि डिजिटल उपकरणों के उपयोग से राजस्व सेवाओं में देरी कम होने, त्रुटियों में कमी आने और विसंगतियों को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन टैबलेट में उच्च स्तर के फीचर्स होंगे, जिनमें बड़ा डिस्प्ले, उन्नत प्रोसेसिंग क्षमता, पर्याप्त स्टोरेज और पूरे दिन के फील्ड कार्य के लिए लंबी बैटरी लाइफ शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी टैबलेट दो साल के क्लाउड-होस्ट लाइसेंस के साथ केन्द्रीकृत मोबाइल उपकरण प्रबंधन प्रणाली से जोड़ा जाएगा। इससे सरकार इन उपकरणों की रियल टाइम में निगरानी, अपडेट, सुरक्षा और प्रबंधन कर सकेगी, जिससे संचालन की निरंतरता, डेटा की शुद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।डॉ मिश्रा ने कहा कि इन टैबलेट के आने से अब अधिकारी फील्ड सर्वे कर सकेंगे,डेटा दर्ज कर सकेंगे, जीपीएस-टैग्ड तस्वीरें ले सकेंगे और जानकारी को सीधे रियल टाइम में केंद्रीय सर्वरों पर अपलोड कर सकेंगे। वॉइस-टू-टेक्स्ट सुविधा डेटा एंट्री को और सरल बनाएगी, जिससे मेहनत कम होगी और सटीकता बढ़ेगी। इससे ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों में सेवाएं अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी बनेंगी।

**************************************************************************